## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्री का लेख साझा करते हुए बन्दरगाहों के डिजीटलीकरण और समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया।
2. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा धनतेरस से दिवाली तक यू पी आई ने बनाया नया रिकॉर्ड। दिवाली बिक्री में हुई पच्चीस फीसदी की बढ़ौतरी।
3. अंडमान में परिवहन विभाग की पहल की सांसद ने की सराहना। मध्योत्तर अंडमान में सात नई बसे जल्द ही परिवहन बेड़े में शामिल की जाएंगी।
4. शिक्षा निदेशालय के सहयोग से तम्बाकू मुक्त शिक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों का तम्बाकू मुक्त मुल्यांकन भी किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल का एक लेख सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें देश के बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और डिजिटलीकरण के माध्यम से भारत को मिले लाभों पर प्रकाश डाला गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का आठ बिलियन डॉलर का पैकेज भारत के जहाज निर्माण और समुद्री इकोसिस्टम के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने आईटी एक्ट 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बदलाव किए हैं, जो 15 नवंबर से लागू होंगे। नई व्यवस्था के तहत सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को किसी भी गैरकानूनी या प्रतिबंधित कंटेंट की जानकारी मिलने पर 36 घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। यह कार्रवाई

केवल न्यायालय के आदेश या सरकार अधिकृत एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी की लिखित सूचना पर ही होगी। सभी ऐसे आदेशों की हर महीने सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा समीक्षा की जाएगी।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने 18 अक्टूबर को सात सौ चौवन मिलियन लेनदेन कर एक दशमलव शून्य दो लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार किया। जीएसटी दरों में कटौती के बाद उपभोक्ता मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। धनतेरस से दिवाली के बीच औसत दैनिक यूपीआई लेनदेन सात सौ छत्तीस दशमलव नौ मिलियन रहा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, इस वर्ष दिवाली की बिक्री छ दशमलव शून्य पांच लाख करोड़ रुपये के साथ अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंची, जो पिछले वर्ष की तुलना में पच्चीस प्रतिशत अधिक है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 शुरू हो चुकी है। इसकी शुरुआत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के संबोधन से हुई। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नौसेना की उत्कृष्ट भूमिका की सराहना की और कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। एडमिरल त्रिपाठी ने आत्मनिर्भर नौसेना के लक्ष्य, नई तकनीकों के समावेश और सात प्रमुख क्षेत्रों — युद्धक दक्षता, क्षमता विकास, नवाचार, मानव संसाधन व संयुक्त अभियानों — पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। सम्मेलन में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने भी भाग लिया और तीनों सेनाओं के बीच समन्वय व इंटर ऑपरेबिलिटी को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में परिवहन सेवाओं की समीक्षा के लिए सांसद विष्णु पद राय ने आज परिवहन निदेशक से मुलाकात की। निदेशक ने बताया कि जनवरी 2026 तक 7 नई बसें

फिलट में शामिल की जाएंगी, जिनमें से रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर को 2–2 बसें तथा बाराटांग को 1 बस मिलेगी। मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए तिहत्तर ड्राइवर और छियानब्बे कंडक्टर GeM के माध्यम से न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत नियुक्त किए जा रहे हैं। सांसद ने परिवहन विभाग की सकारात्मक पहल की सराहना की।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने अंडमान लॉ कॉलेज को "विकसित भारत युवा संसद–2026" के आयोजन के लिए नोडल संस्थानामित किया है। मंत्रालय ने "मेरा युवा भारत" के माध्यम से कॉलेज के साथ एम ओ यू किया है। कॉलेज में 20 नवम्बर को तीन मिनट की भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता का विषय रहेगा –– "आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक"। अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला, तमिल और तेलुगु भाषाओं में होगी। शीर्ष तीन को दिल्ली में राष्ट्रीय युवा संसद–2026 में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। द्वीपों के एक दवा विक्रेता ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी 2.0 का स्वागत करते हुए ग्राहकों को मिल रहे लाभ के बारे में अपने विचार साझा किए–

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन स्कूल चैलेंज 2025 पर एक दिवसीय कार्यक्रम, श्री विजया पुरम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी तीनों जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण कर तंबाकू–मुक्त स्कूल मूल्यांकन किया। उद्घाटन सत्र में उप–निदेशक (विज्ञान) राम प्रवेश ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

कानी सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल के कार निकोबार – कामोर्टा खंड में आई खराबी की सफलतापूर्वक मरम्मत कर ली गई है। 20 सितंबर को तीन बजकर बत्तीस मिनट पर हुई इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण ननकौड़ी और ग्रेट निकोबार का संपर्क बाधित हो गया था। मरम्मत कार्य के दौरान 21 और 22 अक्टूबर की रात अस्थायी रूप से कनेक्टिविटी बहाल की गई थी। अब ननकौड़ी और ग्रेट निकोबार के लोग एक बार फिर से हाई–स्पीड इंटरनेट और बेहतर वॉयस कॉल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन, के ब्रैंड अम्बेसडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चंदर लाल ने आज सरकारी माध्यमिक विद्यालय, दिलानीपुर का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से संवाद किया। श्री लाल ने छात्रों से विद्यालय और अपने आस–पास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल–कूद में भाग लेने और नशे जैसी हानिकारक वस्तुओं से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को मोबाइल फोन का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की सलाह दी। इस अवसर पर माध्यमिक प्रधानाध्यपक मोहम्मद यूनुस और प्राथमिक, प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा बिस्वास भी उपस्थित थीं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन की पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल के तहत जहाज एम.वी. सिंधु कल रात ग्यारह बजे हैडो वार्फ से बैरन द्वीप के लिए एक विशेष राउंड वॉयेज क्रूज़ यात्रा पर रवाना होगा। इस अनूठी क्रूज़ यात्रा का उद्देश्य द्वीप समूह में पर्यटन को नई दिशा देना और स्थानीय एवं बाहरी पर्यटकों को ज्वालामुखी बैरन द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता से अवगत कराना है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में छठ पूजा समिति द्वारा इस वर्ष भी परंपरागत आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान सूर्यदेव की आराधना का महापर्व "छठ पूजा" मनाया जाएगा। इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन कार्बाइन्स–कोव समुद्र तट पर किया जाएगा।

<><><><><><><>

खेल विभाग द्वारा 25 अक्टूबर को सुबह साढ़े पाँच बजे से "ओपन रोड रेस" का आयोजन किया जाएगा। पुरुषों के लिए 10 किमी और महिलाओं के लिए 5 किमी दौड़ का आयोजन नेताजी स्टेडियम से किया जाएगा। पुरुषों की दौड़ नेताजी स्टेडियम से मेगापोड चौक तक जाएगी और इसी मार्ग से वापस आएगी। महिलाओं की दौड़ भी नेताजी स्टेडियम से मरीन रिसर्च लेबोरेटरी तक जाएगी और इसी मार्ग से वापस आएगी। प्रतियोगिता में सभी कॉलेज, संस्थानों और आम नागरिक भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>